ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

# ARCHIDPLY INDUSTRIES LTD.

Corp. Office: 2/9, Ist Floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi-110015 ( India )
Ph: 011 - 45642555, 45530828 E-mail: corporate@archidply.com

29.10.2020

**The General Manager**
**Department of Corporate Services**
**BSE Limited**
**Floor 25th, P J Towers,**
**Dalal Street**
**Mumbai — 400 001**

**Scrip Code – 532994**

**The Listing Department**
**National Stock Exchange of India Ltd.**
**Exchange Plaza,**
**Plot no. C/1, G Block,**
**Bandra – Kurla Complex**
**Bandra (E)**
**Mumbai – 400 051**

**NSE Stock Code – Archidply**

Dear Sir,

**Subject: Intimation of Board Meeting to be held on November 06, 2020**

Pursuant to Regulation 29 and 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we would like to inform you that the meeting of Board of Directors of our Company is scheduled to be held on Friday, the 06th November, 2020, inter-alia to consider and approve the Un-audited Financial Results for the quarter and half year ended on 30th September, 2020 and any other matter with the permission of the Chair.

In view of the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 as amended and in continuation to our letter dated September 30, 2020 with respect to closure of Trading Window of the Company, this to inform that the Trading Window for dealing in shares of the Company has been closed from October 01, 2020 for all the for the Directors, KMP and other designated employees etc. covered under the Code and the Trading Window will be closed till 48 hours after the declaration of the said financial results.

We request to kindly take the same on record.

Thanking You!

Yours Faithfully

For **Archidply Industries Limited**
For ARCHIDPLY INDUSTRIES LTD.

**Atul Krishna Pandey**
Company Secretary
**Company Secretary & Compliance Officer**

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED
(CIN: L85110UR1995PLC008627)
Regd. Office: Plot No.7,Sector - 9,Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar,Rudrapur,Uttarakhand,263153, Phone:05944-250270,Fax:05944-250269
Cor. Office: 2/9,1st floor,W.H.S. Kirti Nagar,New Delhi - 110015
Phone: 011-45642555,Website:www.archidply.com
Email: cs@archidply.com

NOTICE

NOTICE is hereby given pursuant to Regulation 29 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on November06, 2020, inter-alia, to consider, approve and take on record the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended September 30, 2020.

By order of the Board
Sd/-
Date: 29-October-2020 Atul Krishna Pandey
Place: New Delhi Company Secretary

# चेक बाउंस होने के मामले में यूपी पुलिस ने दी दबिश

गदरपुर( दर्पण संवाददाता)। चेक बाउंस होने के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस की टीम के साथ ग्राम सूरजपुर में छापा मारा लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में आने से पहले ही फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को उत्तर प्रदेश के भोजीपुरा कोतवाली के दरोगा अशोक कुमार और रामकुमार थानाध्यक्ष अरविंद चौधरी से मिले। उन्होंने बताया कि गदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर में रहने वाले दीपक कुमार व राज कुमार तथा सिरसा फार्म बहेड़ी उत्तर प्रदेश निवासी अमर सिंह ने स्वयं को धान का व्यापारी बताते हुए ग्राम बेहरपुरा बाजार से मदन गोपाल निवासी आनंद विहार कॉलोनी थाना बारादरी बरेली से हजारों क्विंटल धान खरीदा था, जिसके एवज में 36 हजार रुपये नगद और मदन गोपाल को उसकी पत्नी मगनबती देवी के नाम से 9 लाख 87 हजार 677 रुपये का चेक दिया था। मदन गोपाल द्वारा जब चेक को भुगतान के लिए बैंक में लगाया तो बैंक प्रबंधन ने खाते में पैसे न होने का हवाला देकर चेक लौटा दिया। मदन गोपाल ने अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी पर जब उपरोक्त से बात की तो उन्होंने उसकी बात को अनसुना करना शुरू कर दिया। मदन गोपाल ने भोजीपुरा थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को भोजीपुरा कोतवाली के दरोगा अशोक कुमार और राम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गदरपुर पहुंचकर थानाध्यक्ष अरविंद चौधरी से मुलाकात की और स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपियों के घर पर छापा मारा लेकिन आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए थे।

सफल आयुर्वेदिक इलाज
चर्म रोग
श्वास रोग
मानस रोग
गुप्त रोग
माइग्रेन
प्रमेह रोग ( शुगर/डायबीटिज )
कमर दर्द
घुटनों का दर्द
बालों का झड़ना
गर्दन का दर्द
मूत्र रोग
बवासीर
स्थौल्य ( मोटापा )
निःशुल्क ओ.पी.डी. प्रत्येक शनिवार
समय - सोमवार से शनिवार
प्रातः 9 बजे से सायं 8 बजे तक
रविवार
प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
डॉ. कालरा आयुर्वेदिक क्लीनिक एवं पंचकर्म केन्द्र
निकट सागर आटा चक्की, जगतपुरा रोड,आवास विकास,रूद्रपुर
फोन नम्बर:-8194023585,7888701779

आवश्यकता है
वाहन चालकों की
बस, इनोवा, एम्बुलेन्स, डिजायर आदि हेतु
वेतन योग्यतानुसार, एनसीआर में वाहन चलाने वालो को वरियता
-: सम्पर्क करें :-
9927791000,9690350009

गुलशन ऑटो लिंक
वर्ष 1971 से आपकी सेवा में
हमारे यहां सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों की सर्विस तसल्ली से की जाती है।
हमारे यहाँ हर प्रकार के बीमा सहित क्लेम की सुविधा उपलब्ध है।
निकट अम्बेडकर चौक, बरेली रोड, सुरेन्द्र पम्प के पास, किच्छा
मो.9837016909 , 9568275825

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस टीम ने एक को किया गिरफ्तार, तीन फरार

गदरपुर( दर्पण संवाददाता)। बैंक का एटीएम कार्ड बदलकर कार्ड धारकों से धोखाधड़ी कर पैसा निकालने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके अन्य 3 साथी फरार बताए जा रहे हैं। गौरतलब है कि बैंकों द्वारा खाताधारकों को नकदी निकालने के लिए जारी किए गए एटीएम कार्ड से नगदी निकालने के दौरान उन्हें बातों में उलझा कर बड़ी ही चालाकी के साथ एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। खाताधारक अपनी सुविधा के लिए बैंकों से एटीएम कार्ड तो जारी करा लेता है लेकिन उनमें से कुछ खाता धारक एटीएम कार्ड को मशीन में किस प्रकार से लगाना है और किस प्रकार से धन की निकासी करनी है, इन बातों से अनजान रहता है। ऐसे अज्ञानी एटीएम कार्ड धारकों को पैसा निकालने के लिए दूसरों का सहारा लेना पड़ता है। अधिकांश मामलों में यह देखने को मिला है कि स्वयं खाताधारक अनजान खड़े व्यक्ति को अपना एटीएम कार्ड थमा कर उससे रकम निकालने की अपील करता है और इसी के चलते वह आसानी से ठगी का शिकार हो जाते हैं। एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य ऐसे ही अनजान एटीएम कार्ड धारकों की तलाश में रहते हैं और मौका पाते ही एटीएम कार्ड को बदल कर खाताधारक को हजारों रुपए का चूना लगा कर निकल जाते हैं। ऐसे ही एक मामले का पुलिस ने एक बड़ा खुलासा करते हुए एटीएम के माध्यम से रुपए लूटने वाले गिरोह के एक सदस्य को धर दबोचा जबकि उसके तीन अन्य साथी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है । गुरुवार को एटीएम कार्ड बदलकर की गई ठगी के मामले का खुलासा करते हुए थानाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया 27 अक्टूबर को ग्राम सेठवाला खेमपुर गदरपुर निवासी रक्षपाल सिंह पुत्र राज मसीह ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह गूलरभोज तिराहे पर बने एक्सिस बैंक के एटीएम पर आया था और अपनी पत्नी के खाते से कार्ड द्वारा पैसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। तभी, वहीं अंदर मौजूद एक युवक ने मुझसे कहा कि आप एटीएम कार्ड को जोर से मत खींचो, नहीं तो कार्ड खराब हो जाएगा। यह कहकर वह युवक स्वयं एटीएम कार्ड निकालने लगा। उसी दौरान युवक ने चालाकी दिखाते हुए रक्षपाल सिंह से एटीएम कार्ड को बदल दिया और वहां से चला गया। उसके बाद आरोपी युवक ने उसकी पत्नी के खाते से एटीएम मशीन से कुछ पैसे निकाले और पेट्रोल पंप से कार्ड स्वाइप करा कर 65 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित रक्षपाल सिंह ने आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 403, 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दिनेशपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप से एक युवक को उस समय पकड़ लिया जब वह कहीं जाने की फिराक में था। पुलिस युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। जहां पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गोविंद पुत्र विनोद सिंह निवासी सकीट जनपद रैटा हाल निवासी ग्राम हाजीपुर बैठा निकट दुर्गा साड़ी सेंटर लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताया। आरोपी युवक ने बताया कि गिरोह एटीएम पर पैसा निकालने गये कार्ड धारकों को उनकी मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया करता था। गिरोह के सदस्य कार्ड धारक को चिकनी चुपड़ी बातों में फसाकर उनके एटीएम का पासवर्ड मालूम करने के बाद उसके खाते में से पैसा निकाल लेते हैं। थानाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि गिरोह ने रिटायर्ड फौजी रक्षपाल सिंह को निशाना बनाया और उनके साथ धोखाधड़ी कर उनके खाते से हजारो रुपये की रकम उड़ा ली, जिसको संज्ञान में लेकर पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन अन्य सदस्य फरार चल रहे हैं, जिनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी युवक गोविंद को कोर्ट में पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया है।

# दो दिन बंद रहेगा अल्मोड़ा बागेश्वर मार्ग

अल्मोड़ा (दर्पण संवाददाता)। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि विजय कुमार ने बताया कि वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत अल्मोड़ा शहर के अन्तर्गत बरेली–अल्मोड़ा–बागेश्वर मोटर मार्ग में नवीनीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि उक्त मोटर मार्ग अत्याधिक यातायात होने के कारण नवीनीकरण कार्य को कराने हेतु बन्द किया जाना अति आवश्यक है। जिस हेतु दिनॉंक 30 अक्टूबर, 2020 से 01 नवम्बर, 2020 तक प्रातः 9:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक विवेकानन्द कृषि अनुसंधान संस्थान से राजा आनन्द सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज तक का मार्ग बन्द रहेगा। तथा वैकल्पिक व्यवस्था एनएच होते हुए लिंक मोटर मार्ग की ओर होगा। उन्होंने बताया कि दिनॉंक 02 नवम्बर, 2020 से 05 नवम्बर, 2020 तक प्रातः 9:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक शिखर होटल तिराहे से लक्ष्मेश्वर तक का मार्ग बन्द रहेगा और वैकल्पिक व्यवस्था करबला से लिंक मोटर मार्ग होते हुए एनएच मोटर मार्ग की ओर होगा।

अरोरा हार्टकेयर सेन्टर
ARORA
ईको, ई.सी.जी., टी.एम.टी.
24 घण्टे होल्टर मोनिटर
पैथोलॉजी लैब
डा. जितेश अरोरा
लाईन नं.2, डॉक्टर्स कॉलोनी, सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर
सम्पर्क करें - 9837544401, 05944-241053

# त्यौहारों के सीजन में प्रशासन को और सतर्क होने की जरूरत:सीएम

रूद्रपुर (दर्पण संवाददाता)। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व संबंधित अधिकारियों के साथ कोरोना वायरस संक्रमण कोविड–19 के रोकथाम एवं बेहतर उपचार हेतु जनपदों में किये जा रहें कार्यो की समीक्षा की। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों का सीजन आ रहा है। इसलिए सभी जनपदों में और अधिक सर्तकता एवं सावधानी बरतने की आवश्यकता हैं। कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरूकता अभियान में और तेजी लाई जाय, इसके लिए उन्होने कहा कि घरों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, कार्यालयों, वाहनों में कोविड से जागरूकता हेतु स्टीकर लगाये जाय, इस कार्य में जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं एनजीओ से सहयोग लिया जाय। उन्होने कहा कि जनजागरूकता हेतु पुलिस फोर्स के साथ होमगार्ड, पीआरडी, वन विभाग ड्रेस, मीडिया के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग को दृष्टगत रखते हुये रैलियां निकाली जायें। प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियों में तेजी आ रही है एवं त्योहारों का सीजन भी शुरू होने वाला है, इसके दृष्टिगत मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग एवं स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाईन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इसके लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाय। जो लोगों के मास्क के उपयोग नहीं कर रहे है उनके चालान किये जाय साथ ही निःशुल्क मास्क भी वितरण किये जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्यौहारों के सीजन में पुलिस की भूमिका और अधिक बढ़ जायेगी, इसके लिए पुलिस फोर्स के साथ ही होमगार्ड, पीआरडी, महिला समूह आदि को भी लगाया जाय। उन्होने आम लोगों से भी अपील की है कि पीपीई किट, मास्क आदि उपयोग करने के बाद अन्यत्र न फेके उसे निर्धारित स्थान पर ही रखे। उन्होने कहा कि कुछ दिन बाद स्कूल खुलने वाले है इसके लिये सम्बन्धित प्रधानाचार्य नियमो का पालन करते हुये आवश्यक व्यवस्था करें। उन्होने कहा कि पुलिस का मकसद सिर्फ चालान करना ही नही है बल्कि कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाना है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार से पुलिस विभाग आम जनता से व्यवहार कर रही है वह एक कबिले तारीफ है। जिलाधिकारी श्रीमती रंजना राजगुरू ने अवगत कराया कि जनपद में कोविड–19 टीकाकरण वैक्सिन से सम्बन्धित बैठक कर ली गयी है। उन्होने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा डाटा एकत्रित कर लिया गया है तथा प्राईवेट संस्थाओं द्वारा कुछ डाटा आना शेष है जो शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने बताया कि डाटा सत्यापन का कार्य चल रहा हैं। उन्होने अवगत कराया कि रूद्रपुर मेडिकल कालेज में कोविड–19 की जांच हेतु आरटीपीसीआर लैंब की शुरूआत कर ली गयी है। उन्होने कहा कि सैम्पलिंग सेन्टरों को और बढा दिया गया हैं। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी विभागों के साथ बैठक कर ली गयी है। विभागों द्वारा जनता को जागरूक करने के लिये वृह्द रूप से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी, एनएसएस आदि के माध्यम से लोगों का जागरूक किया जा रहा है। धान क्रय केन्द्रों पर भी फ्लैक्सि, बैनर आदि लगाये गये है। उन्होने कहा कि विभिन्न समुदाय के लोगों की भाषाओं में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये आडियों/वीडियों के संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि ग्राम प्रधानों को भी अपने–अपने क्षेत्र में अपील/संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिये अनुरोध किया गया है। उन्होने बताया कि सभी चिकित्सालयों में ओपीडी सेवा सुचारू रूप से चल रही है। उन्होने बताया कि विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी संगठनों द्वारा एक स्वर में अपने–अपने त्योहारों को सांकेतिक रूप में मनाने की सहमति जताई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुवंर, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु खुराना, सीएमओ डा0 डीएस पंचपाल, एएमडी स्वास्थ्य बंशीधर तिवारी, एसीएमओ डा0 अविनाश खन्ना, डा0 मनु खन्ना, डा हरेन्द्र मलिक, एएसपी प्रमोद कुमार, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि उपस्थित थे।



किराये हेतु
रुद्रपुर में श्याम टाकीज रोड पर 10X35 की एक दुकान किराये हेतु खाली है।
शीघ्र सम्पर्क करें–7017071460

# मेयर ने किशोरियों को बांटे आयरनयुक्त बिस्कुट

रूद्रपुर( दर्पण संवाददाता)। विवेकनगर आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 2 केन्द्र संख्या नौ में ब्रिटानिया ब्यूटेशन फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे सुपोषण परियोजना के अंतर्गत किशोरियों को आयरन युक्त बिस्कुट मेयर रामपाल सिंह द्वारा वितरित किये गये। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि कुपोषण मुक्ति के लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। जागरूकता से ही सेहत को स्वस्थ रख सकते हैं। इस दौरान मेयर ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मास्क और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने का आहवान भी किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोती विश्वास, सुप्रिया, सहायिका चम्पा सरकार के अलावा राखी, आशा, रंजनी, काजल, खुशी,मुस्कान, बबिता राठौर, पारूल, पलक बिष्ट, मुस्कान, सपना राठौर, लक्ष्मी आदि मौजूद थे।



प्लॉट बिकाऊ है
रेलवे स्टेशन के सामने सोडी कालोनी, रुद्रपुर में प्राइम लोकेशन पर कई प्लॉट बिकाऊ है।
सम्पर्क करें–
09888784254, 09417057265